**टीकाकरण सेवाएं**
**स्वस्थ स्कूल और समुदाय**
accesshalton@halton.ca
311 या 905-825-6000
टोल फ्री: 1-866-442-5866
TTY: 905-827-9833

# ग्रेड 7 के छात्रों के लिए टीकाकरण जानकारी

2023/2024 स्कूल वर्ष

कक्षा 7 के विद्यार्थियों के प्रिय माता-पिता/अभिभावको,

हाल्टन रीजन पब्लिक हेल्थ पब्लिक, प्राइवेट, कैथोलिक और फ्रेंच स्कूलों में कक्षा 7 के छात्रों के लिए टीकाकरण क्लीनिक प्रदान करता है।

अक्टूबर की शुरुआत से दिसंबर 2023 के मध्य तक, और फिर अप्रैल से जून 2024 तक, पब्लिक हेल्थ नर्सें माता-पिता की सहमति प्राप्त पात्र ग्रेड 7 के छात्रों को निम्नलिखित वैक्सीनें देने के लिए हॉल्टन के स्कूलों का दौरा करेंगी:

| स्कूल क्लीनिकों में उपलब्ध वैक्सीनें | आवश्यकता या सिफारिश |
|---|---|
| मेनिंजोकोकल कॉन्जुगेट-ACYW-135 | स्कूल में उपस्थिति के लिए आवश्यक (1 खुराक) |
| ह्यूमन पेपिलोमावायरस - HPV | अनुशंसित (6 महीने के अंतराल पर 2 खुराकें) |
| हेपेटाइटिस बी - HB | अनुशंसित (6 महीने के अंतराल पर 2 खुराकें) |

***उचित वैक्सीन खुराक अंतराल को सुनिश्चित करने के लिए स्कूल क्लिनिक की तारीखों की योजना बनाई जाती है।**

**माता-पिता/अभिभावकों से अनुरोध है कि:**

1. वैक्सीन तथ्य पत्रक (उर्दू, चीनी, फ्रेंच, स्पेनिश, पंजाबी, अरबी, हिंदी में भी उपलब्ध) और अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न इस पत्र के बाद वाले पृष्ठ पर **पढ़ें।**

2. टीकाकरण **सहमति फॉर्म को प्रिंट करने, पूरा करने और हस्ताक्षर करने के लिए halton.ca/immunize** पर जाएं **या** अपने बच्चे के स्कूल से **पूरा करने और हस्ताक्षर करने** के लिए एक पेपर कॉपी का अनुरोध करें, उन टीकों के बारे में बताते हुए जो आप अपने बच्चे को लगवाना चाहते हैं। **नोट:** जिन छात्रों ने ग्रेड 6 के अंत में (जून 2023 में) सहमति फॉर्म जमा किया था, उन्हें दूसरा सहमति फॉर्म पूरा करने और जमा करने की आवश्यकता **नहीं है**। पब्लिक हेल्थ के पास पहले सबमिट किए गए सहमति फार्मों का रिकॉर्ड है, जो टीकों की सभी आवश्यक खुराकों के लिए मान्य हैं।

3. **29 सितंबर, 2023** तक अपने बच्चे के स्कूल कार्यालय में पूरा किया गया टीकाकरण सहमति फॉर्म **वापस करें।** इन-स्कूल क्लिनिक के दिन केवल हस्ताक्षरित सहमति फॉर्म वाले छात्रों का टीकाकरण किया जाएगा। आपके बच्चे के स्कूल द्वारा आपको स्कूल के क्लिनिक की तारीख के बारे में सूचित किया जाएगा।

**अपने बच्चे के टीकाकरण रिकॉर्ड को अपडेट करें:** हो सकता है कि आपके बच्चे को ऊपर सूचीबद्ध एक या अधिक टीके पहले ही लग चुके हों। हर बार जब आपके बच्चे को उनके स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से टीका लगता है, तो आपको इसकी अपडेट हाल्टन रीजन पब्लिक हेल्थ को देनी होगी। आपके स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता का कार्यालय आपके लिए इनकी रिपोर्ट नहीं करता है। पब्लिक हेल्थ नर्सें आपके बच्चे के टीकाकरण रिकॉर्ड की समीक्षा करेंगी और आवश्यकता पड़ने पर ही टीकाकरण करेंगी।

टीकाकरण रिपोर्ट करने के लिए:

**halton.ca/immunize** पर जाएं

**311 पर कॉल करें**

Halton Regional Centre,1151 Bronte Road, Oakville, L6M 3L1 पर मेल करें

**टीकाकरण सेवाएं**
**स्वस्थ स्कूल और समुदाय**
accesshalton@halton.ca
311 या 905-825-6000
टोल फ्री: 1-866-442-5866
TTY: 905-827-9833

**अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न**

**ये वैक्सीनें अभी क्यों पेश की जा रही हैं?**
हॉल्टन के नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के हिस्से के रूप में ये टीके स्कूलों में कक्षा 7 के छात्रों को नियमित रूप से दिए जाते हैं। सभी नियमित टीकाकरण पूरा करने से आपको, आपके परिवार और अन्य निवासियों को बीमारी से बचाने में मदद मिलती है। यह उन बीमारियों को भी रोक सकता है जो अनावश्यक मेडिकल विज़िटस, अस्पताल में भर्ती होने और स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली पर और दबाव डालने का कारण बनती हैं।

**अगर मैं अपने बच्चे के लिए यह टीकाकरण नहीं चाहता/ती हूं तो क्या होगा?**
मेनिंजोकोकल ACWY-135 *इम्यूनाइज़ेशन अव स्कूल प्यूपलज़ ऐक्ट* (ISPA) के तहत आवश्यक वैक्सीनें है। यदि आप अपने बच्चे का टीकाकरण नहीं करवाने का चुनाव करते हैं, तो अंततः आपको अपने बच्चे का स्कूल जाना जारी रखने के लिए हाल्टन रीजन पब्लिक हेल्थ से छूट प्राप्त करने की आवश्यकता होगी। अद्यतित जानकारी के लिए हाल्टन रीजन के टीकाकरण वेब पृष्ठों को **halton.ca** पर देखें।

ह्यूमन पेपिलोमावायरस और हेपेटाइटिस बी *अनुशंसित* टीके हैं, लेकिन वे स्कूल में उपस्थिति के लिए कानूनी रूप से आवश्यक नहीं हैं और उन्हें छूट की आवश्यकता नहीं है।

यदि आप स्कूल क्लीनिक के दौरान टीकाकरण से इनकार करते हैं और फिर स्कूल क्लीनिक शुरू होने के बाद अपना मन बदल लेते हैं, तो बच्चे अपने प्राथमिक देखभाल प्रदाता या सामुदायिक क्लीनिकों के माध्यम से इन टीकों को प्राप्त करने में सक्षम हो सकते हैं। छात्र के 12वीं कक्षा से ग्रेजुएट होने तक हेपेटाइटिस बी और एचपीवी के टीके निःशुल्क हैं। अधिक जानने के लिए,**halton.ca/immunize**पर जाएं या 311 पर कॉल करें।

**यदि मेरा बच्चा हेपेटाइटिस बी या एचपीवी की दूसरी खुराक लेने से चूक गया तो क्या होगा?**
छात्र अभी भी वैक्सीन श्रृंखला को फिर से शुरू किए बिना हेपेटाइटिस बी और एचपीवी दोनों की दूसरी खुराक ले सकते हैं। पहली खुराक के कम से कम छह महीने बाद दूसरी खुराक देने की सिफारिश की जाती है, हालांकि टीके की खुराक के बीच अनुशंसित अंतराल से अधिक समय होने पर भी वही प्रतिरक्षा प्रदान की जाएगी।

**क्या एक ही समय में एक से अधिक टीके लगवाना सुरक्षित है?**
हां। बचपन में अन्य नियमित टीकाकरणों के साथ-साथ इन टीकों को कई वर्षों से एक साथ सुरक्षित रूप से पेश किया जा रहा है। एक ही समय में एक से अधिक टीके लगवाना सुनिश्चित करता है कि छात्रों को गंभीर बीमारियों से देरी की बजाय पहले ही सबसे अच्छी सुरक्षा मिलती है।

**क्या मेरे बच्चे को ये टीके लगवाने से पहले दूसरा टीका (जैसे कि कोविड-19, फ्लू) लगवाने के बाद इंतज़ार करने की ज़रूरत है?**
बच्चे इन स्कूल-आधारित टीकों को कोविड-19 और फ़्लू वैक्सीन सहित अन्य टीके प्राप्त करने से पहले या बाद में किसी भी समय प्राप्त कर सकते हैं।

**क्या इन स्कूल क्लीनिकों में कोविड-19 और/या फ़्लू के टीके उपलब्ध होंगे?**
नहीं। जो छात्र COVID-19 और/या फ़्लू की वैक्सीन प्राप्त करना चाहते हैं, वे यह पता लगाने के लिए **halton.ca/COVIDvaccines** पर जा सकते हैं कि वे इसे कहाँ प्राप्त कर सकते हैं।

**अधिक अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों और जानकारी के लिए,halton.ca/immunizeपर जाएँ।**